**Regarding construction of roads in Badaun Parliamentary Constituency**

श्री आदित्य यादव **(**बदायूं**) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र बदायूं की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं ।

महोदय, बदायूं जनपद के अंदर 5000 से अधिक पंजीकृत औद्योगिक इकाइयां हैं, जहां पर घनी आबादी है । आबादी के कारण सड़कों पर जाम की स्थिति बनती है । मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि बदायूं को बरेली से मुरादाबाद, शाहजहांपुर, आगरा और फर्रुखाबाद के मुख्य मार्ग से जोड़ते हुए अगर हम एक आउटर रिंग रोड को बनाने का प्रस्ताव रखते हैं तो इससे एक्सीडेंट होने की भी समस्या खत्म होगी । इस औद्योगिक क्षेत्र के अंदर हम लोगों को बदायूं को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा ।

साथ ही मैं बदायूं की तरफ से अध्यक्ष महोदय आपको और सभी मैम्बर्स को होली के इस पावन पर्व पर शुभकामनाएं देता हूं । धन्यवाद ।